राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 30 अक्टूबर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी के बलिदान दिवस तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर, 2021 को प्रदेश, जिला, ब्लॉक एवं नगर स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

जिला, ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटियों द्वारा इस दिन सर्वधर्म प्रार्थना सभा, पुष्पांजलि कार्यक्रम, प्रभात फेरी, फल वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रातः 11.00 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

\- - - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter